आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 अक्टूबर 2025 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के सभी जिलों में आज डेंगू, मलेरिया, इंसेफेलाइटिस जैसे संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिये विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की गयी। यह अभियान इकतीस अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें बारह विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे। गोरखपुर में इस अभियान की शुरूआत सांसद रवि किशन ने फॉगिंग वैन और प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ की। इस दौरान सांसद ने मौजूद लोगों को संचारी रोगों पर नियंत्रण में सहयोग की शपथ भी दिलायी। कुशीनगर में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अभियान के तहत आशा कार्यकत्रियों की जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमेठी के जिला मुख्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी और जिलाधिकारी संजय चौहान ने जागरूकता रैली को झंडी दिखायी। प्रतापगढ़ में इस अभियान का शुभारम्भ जिला चिकित्सालय परिसर से एक जनजागरूकता रैली निकाल कर किया गया।

****

प्रदेश में मिशन शक्ति का पांचवा चरण शुरू हो गया है। इस चरण में ग्यारह अक्टूबर तक चलने वाले 'अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह' के अन्तर्गत प्रदेश भर में 'पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जौनपुर में इस अभियान के तहत आज कम्यूनिटिंग पुलिसिंग और महिला सशक्तिकरण के लिये महिलाओं को जौनपुर पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। अम्बेडकरनगर के थाना महरूआ क्षेत्र के आदमपुर तेंदुअली गांव में महिलाओं को टोल फ्री नम्बर, साइबर क्राइम और महिला अपराध सम्बन्धी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

****

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सात से पन्द्रह वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि इस आयु वर्ग के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क में छूट पहली अक्टूबर से लागू की गई है और एक वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगी। इस निर्णय से देश भर के लगभग छह करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

****

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संग्रह नियम–2008 में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार वैध और सक्रिय फास्टैग के बगैर टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन यदि नकद का विकल्प चुनते हैं तो उन्हे आधिकारिक उपभोक्ता शुल्क का दो गुना भुगतान करना होगा। यदि शुल्क का भुगतान यूपीआई द्वारा किया जाता है तो आधिकारिक शुल्क का सवा गुना भुगतान करना होगा। यह नियम अगले महीने की पन्द्रह तारीख से लागू होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की बाइस तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। प्रस्तुत है कपड़ा क्षेत्र में टैक्स कटौती के प्रभाव पर हमारी संवाददाता की रिपोर्ट।

आम आदमी को बड़ा लाभ पहुँचाने के लिए, सरकार ने कपड़ा उद्योग पर जीएसटी कम कर दिया है। नई जीएसटी सुधारों के तहत, मानव निर्मित रेशों पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार, मानव निर्मित धागों पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। इसके साथ ही, पच्चीस सौ रुपये प्रति पीस तक की लागत वाले रेडीमेड कपड़ों पर भी जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे फैशन किफायती होगा और माँग में वृद्धि आएगी। जीएसटी टू प्वाइंट ओ के तहत यह युक्तिकरण मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए भारतीय परिधानों को किफायती बना देगा। रोहन के साथ नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।

****

उत्तराखंड के चारों धाम के कपाट बंद होने की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष केदारनाथ मंदिर तेईस अक्टूबर को और बद्रीनाथ धाम पचीस नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। श्री बद्री–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी के अनुसार उत्तर काशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट बाइस अक्टूबर को और यमुनोत्री धाम के कपाट तेइस अक्टूबर को बन्द किये जायेंगे। कपाट बंद होने के बाद श्रद्धालु अगले छः महीने तक मां गंगोत्री के मुखवा और यमुनोत्री के खरसाली में दर्शन–पूजन कर सकेंगे।

****

उन्नीसवें राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ में होगा। हफ्ते भर चलने वाले इस भव्य आयोजन के लिए लखनऊ के वृंदावन योजना में डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर टेंट सिटी बसाई जाएगी। जंबूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच होगी।

****

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते दो दिन में रूक–रूक कर हुयी वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुयी हैं, जिसके चलते अगले चौबीस घंटे तक आसमान में बादल छाये रहेंगे और कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

****